सार-समाचार

आदिनाथ प्रतिष्ठा महोत्सव में राष्ट्रीय रत्न खरतरगच्छाधिपति का मंगल प्रवेश 12 को

रामगंजमंडी, (निसं)। शहर के बाजार नंबर 3 में बन रहे आदिनाथ मंदिर की प्रतिष्ठा का समय अब नजदीक आ गया है। मंदिर निर्माण का कार्य भी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। श्रीआदिनाथ जैन श्वेतांबर श्रीसंघ अध्यक्ष राजकुमार पारख ने बताया कि मंदिर पूरा बनकर तैयार हो चुका है। अंतिम दौर में मंदिर परिसर के सिंह द्वार जो 26 फुट ऊँचा बनेगा, उसका कार्य चल रहा है। यह कार्य अगले 7 दिन में पूरा होने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रामगंजमंडी की प्रतिष्ठा करवाने राष्ट्रीय रत्न खरतरगच्छाधिपति ने जैसलमेर से 9 मार्च को विहार किया। रामगंजमंडी श्रीसंघ की ओर से पूर्व पार्षद साक्षी पारख, श्रेयांस पारख, गौरव बापना, सुशील गोखरू व विजय चोपड़ा ने मांडल पहुंचकर गुरुदेव के दर्शन किए और रामगंजमंडी मंदिर की प्रतिष्ठा महोत्सव की पत्रिका (आमंत्रण) भेंट की और प्रतिष्ठा महोत्सव के लिये मार्गदर्शन प्राप्त किया। आचार्य 12 अप्रैल रविवार को सुबह रामगंजमंडी के नारायण टॉकीज चौराहे से नगर में प्रवेश करेंगे। जहां से गाजे-बाजे के साथ श्रीसंघ उनको बाजार नंबर 3 से होते हुए मंदिर लाएगा। शहर में 12, 13, 14 और 15 अप्रैल को प्रतिष्ठा महोत्सव में आचार्य मणिप्रभ सूरीश्वरजी के प्रवचन, कई तरह की पूजा, हवन, दादावाड़ी की वार्षिक ध्वजा एवं तीनों दिन राजकमल आईल मिल में मोहित बोथरा प्रसिद्ध गायक कलकत्ता, अरिहंत कांकरिया प्रसिद्ध गायक ब्यावर की भजन संध्या होगी। वहीं 14 अप्रैल को मोटीवेशन स्पीकर शांतिभाई गोलेच्छा बम्बई वालों का कार्यक्रम भी होगा।

जेएसजी संगिनी कोटा का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

कोटा, (निसं)। संगिनी कोटा द्वारा भव्य शपथ विधि कार्यक्रम का आयोजन हरियाली रिजॉर्ट में बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। यह कार्यक्रम ''पर्ल थीम'' पर आधारित रहा, जिसने पूरे आयोजन को एक विशेष आकर्षण प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में तेजस्विनी गोतम मैडम उपस्थित रहीं, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक शब्दों से सभी का मन मोह लिया। उनके द्वारा नारी सशक्तिकरण पर व्यक्त विचार अत्यंत प्रभावशाली एवं हृदयस्पर्शी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयपुर से पधारे नॉर्दर्न रीजन के राजीव पाटनी एवं तरूण, मीना ने की। साथ ही संस्थापक अध्यक्षा वीना बिलाला, अनिल काला, निशा, सुरेश, वर्षा तथा सभी पास्ट प्रेसिडेंट्स की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस आयोजन में लगभग 80-90 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष रिंकल जैन एवं सचिव अंजू कासलीवाल ने शपथ ग्रहण की। इसके साथ ही उपाध्यक्ष रानू जैन, कोषाध्यक्ष प्रेरणा जैन एवं सह-सचिव प्रतिमा जैन ने भी अपने पद की शपथ ली। संगठन की लगभग 10 नई सदस्याओं को भी कार्यकारिणी में सम्मिलित करते हुए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन मीनाछी ने अत्यंत सुव्यवस्थित तरीके से किया, जिसमें सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया। अनिल काला ने इंस्टॉलेशन कमिश्नर के रूप में सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। राजीव के प्रेरक विचारों ने भी उपस्थित जनसमूह को प्रभावित किया।

नयापुरा चौराहा व्यापार संघ के चुनाव आज

कोटा, (निसं)। नयापुरा चौराहा व्यापार संघ के अध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिये मतदान रविवार को किया जायेगा। चुनाव अधिकारी एडवोकेट महेन्द्र राठौर ने बताया कि नयापुरा चौराहा व्यापार संघ के चुनाव मे अध्यक्ष पद पर राजेन्द्र बंजारा, मुकेश चावला व अशोक चांदना एवं उपाध्यक्ष पद पर जयकिशन व सुरेश लोधा प्रत्याशी के पद पर चुनाव लड़ रहे है। चुनाव अधिकारी ने बताया कि सुबह 11 बजे से 3 बजे तक मतदान होगा एवं उसके बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया जायेगा।

रूपयों के लेन-देन को लेकर दो पक्षो में हुआ झगड़ा

कोटा, (निसं)। उद्योग नगर थाना इलाके में शुक्रवार रात्रि को रूपयों के लेन-देने के मामले को लेकर दो पक्षो में झगडे का मामला सामने आया है, जानकारी के अनुसार इलाके के प्रेम नगर आर्फोडेबल योजना में पैसो के लेन-देन को लेकर दो पक्षो में कहासुनी हो गई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया, हंगामे की सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षो की ओर से मामला दर्ज किया है। उद्योग नगर थाने के हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र ने बताया कि संधिका खान नाम की महिला ने गोविंद नगर निवासी एक युवक को ब्याज पर रूपये उधार दिये थे, जिसका ब्याज तय तारिक पर नही चुकाया गया। थाने के हेड कांस्टेबल ने बताया कि पैसो के लेन-देन को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनो पक्षो की ओर से मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं।

आज होगा सहजयोग परिवार में ध्यान और आत्मसाक्षात्कार कार्यक्रम

कोटा, (निसं)। सहजयोग परिवार कोटा द्वारा आगामी 5 अप्रैल (रविवार) को सायंकाल 6.00 बजे से पारिख अस्पताल के पास स्थित स्वर्णकार धर्मशाला में सार्वजनिक आत्मसाक्षात्कार के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पूज्य माताजी निर्मला देवी द्वारा प्रदत्त सहज योग ध्यान की जानकारी और अपने ही अंदर विद्यमान दिव्य शक्ति की जागृति का अनुभव नए साधकों को प्रदान करवाया जाएगा। इस कार्यक्रम की जानकारी देने हेतु सहज योग परिवार कोटा द्वारा रविवार 5 अप्रैल को दादाबाड़ी क्षेत्र में एक शोभा यात्रा का आयोजन भी किया जा रहा है। इस शोभायात्रा मार्ग में आने वाले सभी घरों में सहज योगी भाई-बहिनों द्वारा कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र वितरित किए जाएंगे। सहज योग परिवार कोटा द्वारा जानकारी प्रदान की गई का पूज्य माताजी द्वारा प्रदत्त सहज योग ध्यान पद्धति का अभ्यास वर्तमान में संसार के 160 देशों में किया जा रहा है। यह ध्यान पद्धति मानवीय चेतना को उच्चतम स्तर तक उठाने में बेहद ही सहायक है और इसके द्वारा संसार में रहते हुए ही परमात्मा की कृपा का पूर्ण आनंद प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही यह ध्यान पद्धति पूर्णत: निशुल्क और अनुभूतिजन्य है। वर्तमान में सहज योग के कोटा में 12 ध्यान केंद्र संचालित है। जिन पर हजारों की संख्या में साधक आकर इस ध्यान द्वारा अपना जीवन सुखमय बना रहे हैं। सहज योग परिवार द्वारा इस निशुल्क कार्यक्रम में आने हेतु समस्त क्षेत्रवासियों से आग्रह किया गया।

मामा भांजे ने पहली बार किया एसडीपी व ब्लड डोनेशन

कोटा, (निसं)। किसी ने रक्तदान नहीं किया तो उसके लिए वह बहुत बड़ा कार्य है, लेकिन रक्तदान व एसडीपी डोनेशन के बाद मन के भाव ही बदल जाते हैं और सेवा का मन बन जाता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया जब पहली बार एसडीपी व ब्लड डोनेशन किया गया। लायन क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवनदाता के संयोजक व संरक्षक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि मरीज रुकमणि देवी को बी पॉजीटिव एसडीपी की आवश्यकता थी।

केडीए के नए आयुक्त ने संभाला पदभार, अधिकारियों को दिए निर्देश

कोटा, (निसं)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बचनेश कुमार अग्रवाल ने कोटा विकास प्राधिकरण के आयुक्त का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत आयुक्त ने प्राधिकरण के नवीन परिसर स्थित सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ एक लंबी समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने प्राधिकरण के वर्तमान प्रोजेक्ट्स, नई योजनाओं, वित्तीय स्थिति और पब्लिक सर्विस डिलीवरी की बारीकी से समीक्षा की।

कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत आयुक्त ने शंभूपुरा ग्रोथ सेंटर, एरोसिटी फेज 'रीको फेज' और विकास पथ का भौतिक निरीक्षण किया।

समीक्षा के दौरान आयुक्त ने अभियांत्रिकी शाखा के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर में चल रहे सभी विकास कार्यों की एक निश्चित डेडलाईन तय की जाए ताकि उन्हें समय सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा सकें। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट्स के काम में जो भी रुकावटें आ रही हैं उन्हें आपसी समन्वय से तत्काल दूर करें। प्राधिकरण की आर्थिक स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कोटा में विकास की अपार संभावनाएं हैं, ऐसे में आमजन के रुझान को देखते हुए नई आवासीय और व्यावसायिक योजनाएं प्लान की जाएं, जिससे प्राधिकरण के राजस्व में भी वृद्धि सुनिश्चित हो सकें। आयुक्त अग्रवाल ने राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाने और कार्यों में नवाचार को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। शहर को व्यवस्थित रखने के लिए उन्होंने अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्ययोजना बनाने और केडीए की संपत्ति पर अवैध कब्जे एवं चोरी करने वालों पर सीधे एफआईआर दर्ज करवाकर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही खाली भूखंडों से जुड़ी आमजन की समस्याओं पर भूखंड स्वामियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

शहरवासियों की सुविधा के लिए उन्होंने रोड नेटवर्क सुधारने, बिजली-पानी की समस्याओं पर रिस्पॉन्स टाइम कम करने और बजट घोषणाओं की समयबद्ध पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एरोसिटी प्रोजेक्ट, रानपुर और शंभूपुरा ग्रोथ सेंटर जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स में तेजी लाने के साथ ही राज संपर्क पर लंबित परिवादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने और ई-फाइल पर डिस्पोजल टाईम कम करने के लिए अधिकारियों को पाबंद किया। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि गुड गवर्नेंस ही उनकी मुख्य प्राथमिकता रहेगी।

दिनदहाड़े व्यापारी से मांगी 10 लाख की रंगदारी

■ **मना किया तो बैग छीनकर भागे डकैत; पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में पीछा कर हिस्ट्रीशीटर को दबोचा**

जयपुर/कोटा(निसं)। झालावाड़ जिले के मनोहरथाना कस्बे में दिनदहाड़े हुई डकैती की वारदात का पुलिस ने महज 5 घंटे में पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने इस सनसनीखेज मामले में हिस्ट्रीशीटर दीवान सिंह गुर्जर और उसके साथी रामचरण गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और लूटे गए 50 हजार रुपये भी बरामद कर लिए गए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर जिलेभर में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा व वृताधिकारी अशोक कुमार के सुपरविजन में थानाधिकारी कमल कुमार प्रोबेशनर आरपीएस के नेतृत्व में टीम गठित की गई, जिसने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को धर दबोचा।

घटना शुक्रवार दोपहर करीब 3:15 बजे की है। व्यापारी बनवारी लाल अग्रवाल अपनी दुकान पर कर्मचारियों के साथ काम कर रहे थे। तभी दीवान सिंह गुर्जर अपने साथियों के साथ दुकान में घुसा और 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और लोहे के सरियों से हमला कर दिया। इस दौरान कर्मचारियों से मारपीट करते हुए आरोपी 50 हजार रुपये से भरा बैग छीनकर फरार हो गए।

पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों का पीछा किया और दबिश देकर दोनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

महत्वपूर्ण बैठक

कोटा, (निसं)। शाहबाद के जंगल में प्रस्तावित पम्प स्टोरेज प्लान्ट के निर्माण के कारण लाखों पेड़ों की कटाई को रोकने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हम लोग संस्था के कार्यालय नयापुरा में हम लोग संस्था के संयोजक डॉ.सुधीर गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अशोक शर्मा ने बताया की इस बैठक में सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इन निर्दोष मूक वृक्षों की कटाई से रोकने के लिए आम जनता के बीच जाकर हस्ताक्षर अभियान सोमवार से अदालत चौराहा से शुरू किया जायेगा, इसका नेतृत्व चम्बल बचाओं वृक्ष लगाओ अभियान के संयोजक कुन्दन चीता एवं अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित करेंगें। बैठक में श्याम मनोहर हरित ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा की जनता के प्रतिनिधियों जिसमें सरपंच पूर्व सरपंच से लेकर वार्ड पार्षद पूर्व वार्ड पार्षद, महापौर पूर्व महापौर, विधायक पूर्व विधयक एवं सांसद पूर्व सांसदों से अपने-अपने लेटर हेड पर इस प्लान्ट को रोके जाने को लेकर सरकार को आग्रह पत्र लिखवाये जाये।

ऊर्जा मंत्री ने किया भामाशाह कृषि उपज मंडी का दौरा

■ **गेहूं तुलाई की प्रक्रिया में तेजी लाने, पर्याप्त बारदाना उपलब्ध रखने के दिए निर्देश**

कोटा, (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शनिवार को भामाशाह कृषि उपज मंडी का दौरा कर समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मंडी में गेहूं तुलाई के लिए पहुंचे किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं पूछी। कम गुणवत्ता वाले गेहूं को एफसीआई द्वारा रिजेक्ट किए जाने की किसानों की शिकायत पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तय मानकों में शिथिलता की अनुमति लेकर ऐसे किसानों का गेहूं तुलवाया जाए, ताकि उन्हें वर्षभर की अपनी मेहनत का प्रतिफल मिल सकें। नागर ने एफसीआई के खरीद केन्द्र पहुंचकर पंजीयन के बाद किसानों को की गई स्लॉट बुकिंग और उसके अनुसार हो रही गेहूं तुलाई की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। उन्होंने गेहूं तुलाई की प्रक्रिया में तेजी लाने, पंजीयन कराने वाले किसानों की सहमति प्राप्त करने, पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध रखने और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रतिदिन गेहूं खरीद की भामाशाहमंडी की क्षमता बढ़ाकर दुगुनी करने के निर्देश दिऐं। भामाशाह मंडी में गेहूं तुलाई के लिए आए जलोदा खातियान गांव के किसान चौथमल ने ऊर्जा मंत्री को अपने गेहूं की ढेरी के पास ले जाकर उन्हें गेहूं दिखाया और कहा कि उसका गेहूं कम गुणवत्ता का बताकर रिजेक्ट कर दिया गया है जबकि कुछ दिनों में उसके घर में शादी है और पैसों का इंतजाम करना है।

इस दौरान कृषि उपज मंडी सचिव के कक्ष में आयोजित बैठक में ऊर्जा मंत्री ने खाद्य सचिव अम्बरीश कुमार, सहकारिता सचिव डॉ.समित शर्मा, जिला कलक्टर पीयूष समारिया, एमडी राजफैड सौरभ स्वामी, कोटा ग्रेन एण्ड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश राठी सहित अन्य अधिकारियों के साथ पंजीयन के बाद किसानों को गेहूं तुलाई में आ रही व्यावहारिक समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा की।

विधायक शर्मा के प्रयासों से बन रहा है बड़ा एनिकट

■ **पूर्ववर्ती सरकार द्वारा स्वीकृत 20 करोड़ के एनिकट का विधायक शर्मा ने किया अवलोकन**

बूंदी(निसं)। विधायक हरिमोहन शर्मा ने पूर्ववर्ती सरकार के समय स्वीकृत 20 करोड रुपए की लागत से बनने वाले एनिकट का अवलोकन किया। ख्यावदा में बनने वाला यह एनिकट खटकड एवं बूंदी पंचायत समिति का सबसे ऐतिहासिक बड़ा निर्माण कार्य है। इस एनिकट की क्षेत्र वासियों द्वारा लगातार मांग की जा रही थी और इसी मांग को मानते हुए बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने पूर्ववर्ती सरकार माननीय श्री अशोक गहलोत जी मुख्यमंत्री के समय अपने भरपूर प्रयासों से इस काम को स्वीकृत करवाया।

शर्मा ने एनिकट पर पहुंचकर किए गए निर्माण कार्य का बारीकी से अवलोकन किया साथ ही उन्होंने नदी के पानी को व्यवस्थित तरीके से निकलने की योजना के सबध में भी चर्चा की। उन्होंने अवलोकन करते समय कहा कि वर्षा काल में अधिक वर्षा होने के कारण इस क्षेत्र के निचले गांव व ढाणिया पानी में डूब जाते हैं और उनका काफी नुकसान होता है इस अन्य एनिकट के माध्यम से वर्षों का पानी निचली तरफ से न होकर ऊपरी तरफ से निकल जाए ताकि वर्षा काल का पानी गांव और ढाणी में नहीं पहुंचे।

एमएसपी पर अधिकतम गेहूं की खरीद होगी सुनिश्चित: ओम बिरला

■ **बारिश व ओलावृष्टि से प्रभावित उपज की गुणवत्ता को देखते हुए मानकों में छूट के निर्देश**

कोटा, (निसं)। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसल खरीद में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कोटा सर्किट हाउस में भारतीय खाद्य निगम, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, राजफेड, सहकारिता विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने खरीद व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश देते हुए कहा कि बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित गेहूं की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए मानकों में आवश्यक छूट दी जाऐं। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी किसान को परेशानी न हो और एफसीआई द्वारा किसानों का शत-प्रतिशत गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए।

बैठक में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, शासन सचिव (सहकारिता) डॉ. समित शर्मा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति सचिव अंबरिश कुमार, राजफेड के प्रबंध निदेशक सौरभ स्वामी और जिला कलेक्टर पीयूष समारिया सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बिरला ने कहा कि किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई कठिनाई नहीं आनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मंडियों में जाकर किसानों से संवाद करें और उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करें, ताकि किसी भी किसान को नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि दाने के रिजेक्शन मानकों में छूट के लिए भारत सरकार से बातचीत हो चुकी है और अगले तीन दिनों में इसके आदेश जारी होने की संभावना हैं, जिससे किसानों की उपज कम से कम अस्वीकृत हो। साथ ही खरीद का आवंटन दोगुना करने और सोमवार से सभी केंद्र पूरी क्षमता के साथ संचालित करने के निर्देश दिऐं। लॉजिस्टिक और भंडारण व्यवस्था पर बिरला ने कहा कि कोटा-बूंदी में बारदाने की कोई कमी नहीं होनी चाहिऐं। अगले सात दिनों में अतिरिक्त बारदाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाऐं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अवकाश के दिनों में भी वेयरहाऊस और गोदाम खुले रहें तथा माल के सुचारू परिवहन के लिए रेलवे रैक की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। एमएसपी पर खरीद में अंतर और एफसीआई गोदामों में राजफेड द्वारा भेजे गए गेहूं के रिजेक्शन से जुड़े मामलों का भी शीघ्र समाधान करने को कहा।

दबाव के विरोध में कर्मचारी महासंघ एकीकृत का प्रदर्शन

बूंदी(निसं)। सामान्य चिकित्सालय में प्लेसमेंट एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा सविदा, निविदा कार्मिकों, महिलाओं से की जा रही अभद्रता अत्याचारों के विरोध में आज कर्मचारी महासंघ एकीकृत ने सड़कों पर उतरकर अस्पताल प्रशासन, जिला प्रशासन के सामने विरोध प्रदर्शन किया। प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा लगातार कार्मिकों पर दबाव बनाकर ड्यूटी समय में परिवर्तन कर परेशान किया जा रहा है साथ ही प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा कर्मचारियों को दबाव बनाकर वेतन रोकने, बिना बताए कटौतियां करने आदि अनेक कार्य किये जा रहे हैं जो की निंदनीय है।

समय-समय पर महासंघ द्वारा अस्पताल प्रशासन को अवगत कराया गया लेकिन इस पर कोई संतोषजनक कार्य आज दिन तक भी नहीं होने पर मजबूरन कर्मचारियों को विरोध प्रदर्शन पर उतरना पड़ा। विरोध प्रदर्शन में महासंघ से संबद्ध विभिन्न संगठनों, अस्पताल में कार्यरत संविदा निविदा कर्मी महिला कार्मिकों मौजूद रहे।

कर्मचारी महासंघ एकीकृत प्रदेश महामंत्री अनीस अहमद, जिला अध्यक्ष वरुण शर्मा के नेतृत्व में जिला प्रशासन अस्पताल प्रशासन से वार्ता की गई। वार्ता में अस्पताल प्रशासन द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर विरोध प्रदर्शन किया गया। संविदा व प्लेसमेंट कर्मचारियों ने बताया कि जनवरी माह में उनका 501 रुपए वेतन काटा गया था जो कि अभी तक भी नहीं दिया गया, और जो समय का परिवर्तन किया गया। कर्मचारियों का कहना है कि प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा रात्रि 11 बजे कर्मचारियों को ड्यूटी पर बुलाने की बात कही गई है जिसे हम सब विरोध करते हैं। कर्मचारियों की ड्यूटी पूर्व की भाती यथावत रखी जाए कर्मचारियों ने मांग रखी कि रात्रि 11 बजे ड्यूटी पर आने पर महिला कर्मचारियों की सुरक्षा कौन करेगा। प्लेसमेंट से लगे गार्ड व हेल्पर ने बताया कि हमसे हमारा ही कार्य करवाया जाए।

कोई दूसरा कार्य हमसे नहीं करवाया जाए। इस पर एसडीएम ने समझाइस कोशिश की लेकिन कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन जारी रखा अंत में एडीएम ने जिला कलेक्टर ऑफिस में सभी कर्मचारियों को बुलाकर उनकी मांगों के बारे में जाना। कर्मचारियों ने अपनी जो भी उचित मांगे थी वह सभी मांगे कर्मचारियों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर के सामने रखी।

वार्ता के समय सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर, पीएमओ डॉक्टर लक्ष्मी नारायण मीणा भी उपस्थित रहे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सभी सविदा प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांगों को सुनने के बाद कर्मचारियों की समस्या के समाधान के लिए चिकित्सा विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए।

भारतीय काल गणना सर्वश्रेष्ठ एवं पूर्णतया वैज्ञानिक हैं : डॉ. प्रताप सिंह

■ **श्री धाकड़ कर्मचारी संघ कोटा का नवसंवत्सर अभिनंदन समारोह आयोजित**

कोटा, (निसं)। श्री धाकड़ कर्मचारी संघ का नवसंवत्सर अभिनंदन एवं स्नेह मिलन समारोह काला तालाब स्थित एक निजी रिसोर्ट में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि राणा प्रताप कृषि एवं तकनीकी विश्व विद्यालय के कुलगुरु डॉ.प्रताप सिंह धाकड़ ने अपने उदबोधन में कहा कि भारतीय कैलेन्डर व कालगणना विश्व की सर्वश्रेष्ठ व पूर्णतया वैज्ञानिक गणना है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर नारायण हेड़ा कोटा विश्वविद्यालय कोटा ने सनातन संस्कृति की महानता को उदघाटित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति व परम्पराएँ प्रकृति के साथ सामंजस्य के अनुसार निर्मित हैं। उन्होंने भारतीय कालगणना की गहनतम व सटीक जानकारी दी। इस अवसर पर कबीर पारख संस्थान के संत प्रभाकर साहिब ने सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचते हुए शुचिता पूर्ण व सच्चरित्र जीवन जीने का उपदेश दिया। गायत्री परिवार कोटा के हेमराज पांचाल ने वैदिक मंत्रोच्चार से कार्यक्रम को वेदमय कर दिया । समारोह के विशिष्ट अतिथि एडवोकेट नरेन्द्र नागर श्री धाकड़ पंचायत अध्यक्ष, किशन मालव संभागीय अध्यक्ष मालव विकास समिति, राम बिलास मेहता किराड़ सभा के प्रान्तीय अध्यक्ष, मुकुट नागर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष व डॉ.रामस्वरूप मालव समाज सेवी तथा ओम त्रिपाठी कोटा विश्वविद्यालय कोटा रहे। श्री धाकड़ कर्मचारी संघ के संयोजक रमेश नागर ने मंचासीन अतिथियों का परिचय दिया। सहसंयोजक रामवतार नागर ने अतिथियों का स्वागत भाषण द्वारा स्वागत किया, प्रदीप ढोटी सह संयोजक ने संगठन की गतिविधियों एवं भावी कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। इन्द्र नागर बड़ोद ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संगठन के पदाधिकारियों हरीश नागर, बजरंग नागर, अनुराधा मेहता, संतोष नागर, तेजमल धाकड़, ओम नागर, उषा मालव, नंद बिहारी मालव, आनंद नागर, ब्रज मोहन नागर, तेज करण मालव, महावीर अंथड़ा आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं रामलला की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया ।

महाप्रभु वल्लभाचार्य की जयंती 13 अप्रैल को

बूंदी(निसं)। महाप्रभु वल्लभाचार्य की जयंती 13 अप्रैल को मनाई जाएगी। प्रात: 6-00 बजे श्री गोपाल लाल की आरती पश्चात प्रभात फेरी का शुभारंभ होगा । शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई रघुवीर भवन स्थित श्री सौभाग्य बिहार मंदिर पर महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ प्रभात फेरी का समापन होगा। वल्लभाचार्य आयोजन समिति संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता पुरुषोत्तम पारीक, अध्यक्ष राधा मुंदड़ा ने बताया की प्रात: पुजारी पंडित मधुसूदन शर्मा श्री गोपाल लाल जी का श्रंगार कर आरती उतारेंगे। उसके पश्चात सजी-धजी बग्गी मे महाप्रभु जी की छवि को विराजमान कर श्रृंगारित किया जाकर गाजे बाजे के साथ शंखनाद करके प्रभात फेरी को रवाना किया जाएगा। मार्ग में श्री चारभुजा नाथ मंदिर पर पुजारी पंडित गणेश शर्मा आरती उतारेंगे।

रेल्वे प्लेटफार्म पर खोया मोबाईल को यात्री को लौटाया

कोटा, (निसं)। कोटा मंडल के भरतपुर रेलवे स्टेशन पर बरामद हुए मोबाईल को रेलवे की ओर से चलाये जा रहे ऑपरेशन अमानत के तहत कार्यवाही करते हुए रेलवे सुरक्षा बल ने यात्री को सुरक्षित वापस लौटाया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि भरतपुर स्टेशन पर रात्रि ड्यूटी पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल के आरक्षक मंजीत को प्लेटफार्म संख्या 1 पर पार्सल कार्यालय के समीप एक मोबाईल फोन पड़ा हुआ मिला, जिसे उन्होंने तत्काल रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर जमा करा दिया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि घटना के अगले दिन सुबह भरतपुर निवासी अजय चंद्रा कटार रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर उपस्थित हुए और प्लेटफार्म पर अपना मोबाईल छूट जाने की सूचना दी।

खोया-पाया

मेरे मकान नं. 1 ल 8 दादाबाड़ी का कब्जा पत्र व इन्वेट्री खो चुकी है किसी को मिले तो निम्न पते पर सम्पर्क करें।

भवदीय
कमलेश लालवानी एवं ओम प्रकाश
लालवानी 1 ल 8 दादाबाडी कोटा,
मो. 98295-04554

वाहन की टक्कर से स्कूली बच्चों का ऑटो नाले में गिरा

कोटा, (निसं)। उद्योग नगर थाना इलाके में शनिवार को तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूली बच्चो का ऑटो दुर्घटनाग्रस्त होने का मामला सामने आया है, हादसे में ऑटो चालक व दो स्कूली बच्चे घायल हो गये एवं अन्य बच्चों को भी चोट आई। जानकारी के अनुसार एक ऑटो में पांच स्कूली बच्चे स्कूल से घर की ओर जा रहे थे, शिवाजी पार्क के सामने तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन को चलाते हुए पीछे से ऑटो को टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो उछलकर 10 फीट नीचे गड्ढे नाले में जा गिरा, वहां से गुजर रहे लोगों ने तत्परता दिखाते हुए स्कूली बच्चों व ऑटो चालक को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, वही घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उद्योग नगर थाने के कांस्टेबल राकेश ने बताया कि स्कूली बच्चे ऑटो से घर की ओर जा रहे थे, शिवाजी पार्क के समीप पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक घायल हो गया जिसे उपचार के लिये अस्पताल मे भर्ती कराया गया, वही हादसे में दो बच्चो को टांके आये जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया एवं अन्य बच्चो को भी थोड़ी चोट आई। कांस्टेबल ने बताया कि अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटैज के आधार पर अज्ञात कार चालक की तलाश की जा रही है।

वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलॉईज यूनियन की ओर से रक्तदान व नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर आयोजित

कोटा,(निसं)। गर्मी की शुरूआत होते ही अस्पतालों में रक्त की कमी भी सामने आने लगती है। वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलॉईज यूनियन के महांमत्री कॉमरेड मुकेश गालव की पहल पर यूनियन की मंडल यूथ विंग द्वारा मंडल के विभिन्न स्थानो पर विशाल रक्त दान शिविर आयोजित किये गये जिसमें 604 यूनिट रक्तदान हुआ। जिसमें रेल कर्मचारियो के साथ-साथ हिन्द मजदूर सभा से सलग्न असंगठित श्रेत्र की मजदूर यूनियनों द्वारा भी जोर शोर से भागीदारी की गई साथ ही इस अवसर पर ''कैंसर जाँच आपके द्वार-नि:शुल्क कैंसर जाँच शिविर'' लगाया गया जिसमें 170 लोगों की विभिन्न प्रकार की जॉचे की गई। यूनियन के सहायक महांमत्री कॉमरेड

वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते कर्मचारी, साथ में मौजूद यूनियन के महामंत्री मुकेश गालव।

नरेश मालव ने बताया की कोटा मे उमरावमल पुरोहित सभागार एंव वर्कशॉप यूनियन कार्यालय, सवाई माधोपुर मे रेलवे हेल्थ यूनिट तथा गगांपुर सिटी में उप.मडंल चिकित्सालय में विशाल रक्तदान शिविरो का आयोजन हुआ। यह रक्त विभिन्न ब्लड बैको मे संरक्षित रहता है, जो आवश्यकता पड़ने

■ **नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 170 लोगो की हुई जांच**

पर रेल कर्मचारियों एंव उनके परिवारजनों तथा आम नागरिको को प्रदान किया जाता है, रक्तदान में महिला कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक एंव यूनियन के कोषाध्यक्ष कॉ. इरशाद खान ने बताया कि रक्तदान शिविर के साथ-साथ भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, जयपुर द्वारा कैंसर जाँच आपके द्वार कैंसर जागरूकता अभियान के तहत दो-दिवसीय कैंसर स्क्रीनिंग एंव जॉच शिविर भी लगाया गया।

कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां

क्रमांक-न.पा.छ./2026/07 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-01.04.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 ''क'' की उपधारा (B) के अधीन स्थानीय प्राधिकरण के न्यायधीश रखी गयी भूमि का नियमितिकरण और आवंटन हेतु अधिसूचना क्रमांक एफ 3 (50) युडीएच/3/2012 मई 31.2012 के आध्याय 3 के बिन्दु सं. 16 के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 2012 के 22 अन्तर्गत नियमितिकरण/आवंटन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दे। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र. सं.	आवेदक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम	खसरा सं	स्थान/कॉलोनी का नाम	भूखण्ड सं.	क्षेत्रफल वर्गफीट
1	श्री नरेश कुमार सुमन आत्मज श्री रामस्वरूप सुमन जाति माली निवासी छबड़ा तह. छबड़ा जिला बारां (राज.)	181,177	प्रताप नगर कॉलोनी	196	25X40 =1000

नोट- उक्त भूखण्ड अनुमोदित योजना के ले-आउट प्लान की सीमा से बाहर व मास्टर प्लान 2023 में दर्शित भू-उपयोग से भिन्न होने की स्थिति में पत्रावली निरस्त कर दी जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका छबड़ा